डेंगू के रोकथाम के लिए निगम प्रशासन कर रहा कारगर उपाय

भिलाईनगर/भिलाई नगर निगम के महापौर एम.आई.सी. मेम्बर , पार्षद के साथ सेक्टर 02 क्षेत्र का भ्रमण कर जल जनित बिमारी विशेषकर डेंगू के बढ़ रहे प्रभाव का जायजा लिया और लोगो से संपर्क कर डेंगू के रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय करने एवं सजग रहने की सलाह दी।

महापौर नीरज पाल , आज महापौर परिषद के सदस्य रीता सिंह गेरा , चंद्रशेखर गंवई, पार्षद सेवन ठाकुर , जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के साथ सेक्टर 02 के घरों में संपर्क कर लोगो से उनकी स्थिति की जानकारी ली। महापौर ने लोगो से कहा की घर में कहीं भी बरसाती पानी को एकत्र न होने दे इसके लिए आवश्यक है कि घर के गमले , कबाड़ में पड़े सामान , पुराने टायर की जा ँच करते रहें , अपने घर व आस पास स्वच्छता का ध्यान रखे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निगम द्वारा डेंगू के रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों से संबंधित अधिकारियों से जानकारी लिए लेते हुए टेमिफास वितरण , मैलाथियान का छिड़काव, कूलर व टंकी के जांच को नियमित जारी रखने के निर्देश दिए , और उन्होंने नागरिकों से जल जनित बिमारी के किसी भी तरह की संभावना दिखने पर तत्काल नजदिकी स्वास्थ्य केन्द्र से चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी।

बता दे कि निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला गली-मोहल्लों के घर घर जाकर कूलर, पानी टंकी व अन्य पात्र जिसमें पानी भरा है , उसकी जांच कर आवश्यकता अनुसार खाली करा रहे है , प्रतिदिन कूलर और पानी टंकी की जांच हो रही है ताकि मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों से आम जन को बचाया जा सके। महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त रोहित व्यास ने डेंगू रोकथाम अभियान को गंभीरता से लेते हुए टीम बनाकर कार्य करने और अधिकारियों को सतत मा ॅनिटरिंग करने के निर्देश दिए है। मच्छर का लार्वा के रोकथाम के लिए लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूकता के लिए मुनादी भी कराई जा रही है। डेंगू तथा मलेरिया के उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक करने घर घर पाम्प्लेट बांटे जा रहे है।